तापमान

अधिकतम 34 .3 डिग्री

न्यूनतम 20 .2 डिग्री

हरिभूमि

# सोनीपत भूमि

रोहतक, बुधवार 6 मई 2026



11 विभिन्न योजनाओं की प्रोत्साहन राशि आएगी सीधे...



12 कर्मचारियों ने बाइकों पर निकाला रोष मार्च सरकार...




## खबर संक्षेप

### खेत में घुसकर हमला कर की तोड़फोड़

**खरखौदा।** गांव सैदपुर में खेत में बने कमरे में घुसकर हमला करने और तोड़फोड़ करने का मामला सामने आया है। पीड़ित विक्रम ने बताया कि 3 मई को वह अपने खेत में बने कमरे में रोहित, इंद्रजीत व यश के साथ बैठा हुआ था। इसी दौरान गांव के ही अमरजीत उर्फ हैप्पी, संजय, प्रिंस, दीपक सहित करीब 15 युवक वहां पहुंचे और अचानक हमला कर दिया। आरोपियों ने डंडों व फर्सों से मारपीट की तथा कमरे में लगी एलईडी व होम थिएटर तोड़ दिया। साथ ही तेजवीर उर्फ मोंटी और वासुदेव को जान से मारने की धमकी दी। हमलावरों ने अपने चेहरे ढक रखे थे। पीड़ित पक्ष ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। मामले में विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

### चाकू और ईंट से हमला करने वाली महिला काबू

**सोनीपत।** सोनीपत के थाना सिविल लाइन क्षेत्र में मारपीट और हमले के मामले में पुलिस ने एक महिला आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार घटना 3 मई 2026 की है, जब मौहल्ला कला निवासी जगदीश ने शिकायत दी कि उसकी बहन के घर किरायेदार महिला के साथ विवाद हो गया था। बीच-बचाव के लिए पहुंचे परिजनों पर महिला ने चाकू से हमला कर दिया, जिससे एक महिला के हाथ में गहरी चोट आई। वहीं अनिल के सिर पर ईंट मारने से उसे गंभीर चोट लगी और उसे पीजीआई रोहतक रेफर करना पड़ा। मामले में पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू की। एएसआई शिव मुनि की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपित महिला को गिरफ्तार कर लिया और वारदात में प्रयुक्त चाकू भी बरामद किया। आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### मारपीट मामले का पांचवां आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** सोनीपत के थाना राई क्षेत्र में अपहरण और मारपीट के मामले में पुलिस ने पांचवें आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान चिराग निवासी गांव नयाबांस, जिला रोहतक के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार 30 अप्रैल 2025 को शिकायतकर्ता दिनेश ने बताया था कि उसका साला शिवम, जो ईको वैन चलाता है, बीसवां मील पर सवारी भर रहा था। इसी दौरान कुछ लोगों ने उसके साथ मारपीट की और जबरन वाहन में डालकर उसे उठा ले गए। बीच-बचाव करने आए अन्य चालक के साथ भी मारपीट की गई। मामले में पहले ही चार आरोपितों को गिरफ्तार किया जा चुका है। जांच के दौरान पुलिस ने अब पांचवें आरोपित को भी काबू कर लिया। आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है, जबकि अन्य आरोपितों की तलाश जारी है।

## पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मौसम में आया बदलाव, गिरा तापमान

# दिनभर आंख मिचौली खेलते रहे बादल शाम को तेज हवाओं के साथ बरसात

- अप्रैल के अंतिम दिनों में 43 डिग्री तक पहुंच गया था पारा, भीषण गर्मी से त्रस्त थे लोग
- दस दिन में करीब 8 डिग्री तक तापमान में आई गिरावट, 8 मई को एक और सक्रिय होगा पश्चिमी विक्षोभ


हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

जिले में मौसम परिवर्तनशील बना हुआ है। मंगलवार सुबह से ही आसमान पर दिनभर बादल आंख मिचौली खेलते रहे। कभी धूप निकलने, तो कभी बादल छाए रहने से लोगों को बारिश की आस जगी रही। वहीं देर शाम तेज हवाएं चलने और बरसात होने से लोगों को गर्मी से निजात मिली। तापमान में गिरावट होने से मौसम सुहावना बना रहा। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। अब 8 मई को एक और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा, जिसका प्रभाव 9 मई तक बना रहेगा। मंगलवार को जिले का अधिकतम तापमान 34.3 डिग्री व न्यूनतम तापमान 20.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दस दिन के अंदर करीब 8 डिग्री तक तापमान में गिरावट आई है।

दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में सक्रिय हुए पश्चिमी विक्षोभ के चलते जिले में मौसम के परिवर्तन का दौर जारी है। जहां बीती रात तेज हवाओं के साथ छिटपुट बूंदाबांदी हुई, वहीं दिनभर कभी धूप निकलने तो कभी आसमान में बादल छाए रहे। बता दें कि अप्रैल माह के अंतिम दिनों में अरब सागर व बंगाल की खाड़ी से नमी दिल्ली-एनसीआर में पहुंच रही है। मई माह के शुरुआत से ही मौसम परिवर्तनशील बना हुआ है। रविवार शाम से ही तेज हवाओं के साथ आसमान में बादल मंडराने लगे थे।



सोनीपत। देर शाम तेज हवाएं चलने के बाद हुई बरसात का दृश्य। फोटो : हरिभूमि



सोनीपत। गीता भवन रोड स्थित फ्लाईओवर पर देर शाम तेज हवाओं से गुजरते वाहन चालक।

वहीं मंगलवार को सोनीपत व आसपास लगते जिलों में बारिश होने से तापमान में काफी गिरावट नजर आई। लोगों को उमस व गर्मी से राहत मिली। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो 11 मई व 14 मई को भी दो बैक टू बैक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होंगे। तेज हवाओं के साथ बारिश की संभावना बनी रहेगी। तापमान 38 डिग्री से नीचे बना रहेगा। हालांकि इसके बाद लोगों को भीषण गर्मी व लू का सामना करना पड़ सकता है। मई के अंतिम दिनों तक पारा 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। तापमान में गिरावट के चलते मंगलवार को भी बिजली खपत में कमी नजर आई।

### तापमान में गिरावट

*मई माह के मध्य तक मौसम लगातार परिवर्तनशील बना रहने की संभावना है। मौसम परिवर्तन के साथ तेज हवाएं चलने से मंगलवार को दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। पानीपत सहित आसपास क्षेत्रों में बारिश भी हुई है। आगे भी एक और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी। इसके बाद तापमान में बढ़ोतरी होने से लोगों को भीषण गर्मी व लू का सामना करना पड़ सकता है।*

*-प्रो. चंद्रमोहन, मौसम विशेषज्ञ*



सोनीपत। रोहतक रोड स्थित अनाज मंडी में बैग में गेहूं भरते मजदूर। फोटो : हरिभूमि

### मंडियों में गेहूं उठान का काम धीमा

मंडियों में पड़े गेहूं उठान का काम धीमी गति से चल रहा है। इससे किसानों व आढ़तियों के चेहरों पर परेशानी झलक रही है। आढ़ती कई बार अधिकारियों से उठान प्रक्रिया में तेजी लाने की गुहार लगा चुके हैं। मंडियों में काफी मात्रा में गेहूं खुले आसमान के नीचे पड़ा है। कुछ गेहूं से भरे बैग भी उठान की प्रतीक्षा में हैं। जिले में कई ऐसी मंडियां भी हैं, जोकि कच्ची है। अगर गेहूं भीगता है, तो उसकी गुणवत्ता पर ज्यादा असर पड़ सकता है। आढ़ती लगातार उठान प्रक्रिया में तेजी लाने की मांग करते आ रहे हैं।

### येलो अलर्ट जारी, सावधानी बरतने की सलाह

मौसम विभाग ने आसपास के क्षेत्र के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विशेषज्ञों के अनुसार आसमान में बिजली कड़कने व तेज हवाएं चलने से बारिश की संभावना बनी है। अगले दो दिनों तक बारिश होने के आसार बने रहेंगे। इससे तापमान में और गिरावट आने की उम्मीद है। ऐसे में सलाह दी गई है कि आसमान में बिजली कड़कने के दौरान पेड़ों के आसपास न जाएं, बिजली के खंभों से दूर रहें। धूल भरी आंधी चलने की स्थिति में वाहन चालकों को भी सावधानी बरतना जरूरी है।



सोनीपत। आंधी की वजह से गिरा शेड। फोटो : हरिभूमि

### तेज हवा में शेड उड़कर खेतों में गिरा

सोनीपत के खानपुर तहसील के गांव ज्वाहरा स्थित मिंक ब्लैंकेट बनाने वाली सिल्की ओवरसीज लिमिटेड को आंधी के कारण नुकसान झेलना पड़ा। रविवार रात आई तेज आंधी के चलते फैक्ट्री का शेड उड़कर पीछे खेतों में जा गिरा, जिससे परिसर में अव्यवस्था फैल गई और उत्पादन कार्य प्रभावित हुआ। फैक्ट्री के मालिक साबरमल गोयल ने बताया कि अचानक आई तेज हवा के कारण शेड अपनी जगह से उखड़ गया और खेतों में जा गिरा। इस घटना से फैक्ट्री को आर्थिक नुकसान हुआ है। हालांकि किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है, जो राहत की बात रही। घटना के बाद कर्मचारियों ने स्थिति को संभालने का काम शुरू किया। आसपास के लोगों ने भी नुकसान का जायजा लिया।

#### आधी रात को खाना बनाते समय हुआ हादसा

## सिलेंडर विस्फोट : एक ही परिवार के तीन सदस्य झुलसे

*घायलों को किया रोहतक पीजीआईएमएस रेफर*

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

सोनीपत के गांव बढ़मलिक में देर रात एक दर्दनाक हादसे ने इलाके में सनसनी फैला दी। किराये के मकान में खाना बनाते समय छोटे गैस सिलेंडर में हुए विस्फोट के कारण एक दंपती और उनका किशोर बेटा गंभीर रूप से झुलस गए। तीनों को पहले नागरिक अस्पताल ले जाया गया, जहां से उनकी नाजुक हालत को देखते हुए पीजीआईएमएस रोहतक रेफर कर दिया गया।

उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले के गांव अरबापुर निवासी सुशील, उनकी पत्नी मीनू और उनके बेटे राहुल व अनुज रोजगार के सिलसिले में बढ़मलिक में किराये पर रह रहे हैं। बताया जा रहा है कि देर रात परिवार के सदस्य बाहर से लौटने के बाद कमरे में खाना बना रहे थे। इसी दौरान अचानक सिलेंडर में जोरदार धमाका हुआ, जिससे कमरे में आग तेजी से फैल गई और अंदर मौजूद तीनों लोग उसकी चपेट में आ गए। धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग और परिवार का अन्य सदस्य अनुज मौके पर पहुंचे। उन्होंने किसी तरह आग में घिरे तीनों को बाहर निकाला।

घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बताया गया है कि अनुज उस समय कमरे के बाहर होने के कारण सुरक्षित बच गया। घायलों को तुरंत नागरिक अस्पताल सोनीपत पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रोहतक स्थित पीजीआईएमएस के लिए रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर गैस लीकेज या तकनीकी खराबी को हादसे का कारण माना जा रहा है।

## लंबित मांगों को लेकर बिजली कर्मी 20 मई को करेंगे मंत्री का घेराव

*ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर यूनियन की बैठक अंबाला में प्रदर्शन की तैयार की रुपरेखा, एकजुटता का किया आह्वान*

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

दमकल व सफाई कर्मियों के बाद अब बिजली कर्मचारियों ने भी अपनी मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर यूनियन की ओर से मंगलवार को फाजिलपुर स्थित बिजली निगम कार्यालय के शिव मंदिर में सर्कल स्तर पर बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता यूनियन के स्टेट के प्रधान महासचिव राजेंद्र राणा व संचालन शहरी इकाई के प्रधान विकास दहिया ने किया। प्रधान महासचिव राजेंद्र राणा ने बताया कि बिजली कर्मचारी अपनी लंबित मांगों को लेकर 20 मई को प्रदेश के बिजली मंत्री के अंबाला स्थित कैंप कार्यालय पर प्रदर्शन करेंगे। बैठक में प्रदर्शन की तैयारी को लेकर सोनीपत सर्कल के अंदर आने वाली इकाई के कर्मचारियों से एकजुटता का आह्वान किया गया।



सोनीपत। फाजिलपुर स्थित बिजली निगम कार्यालय के शिव मंदिर में सर्कल स्तर पर बैठक करते ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर यूनियन के पदाधिकारी।

प्रधान विकास दहिया ने बताया कि एचपीसी वर्कर यूनियन एक ऐसी यूनियन है, जो कच्चे कर्मचारियों के हित के लिए लड़ रही है। कर्मचारी यूनियन के आह्वान पर एकजुटता दिखाते हुए प्रदर्शन कर बिजली मंत्री का घेराव करेंगे। साथ ही कच्चे कर्मचारियों को पक्का करवाने सहित अन्य मांगों पर चर्चा की गई। बैठक में सब अर्बन यूनिट प्रधान जितेंद्र, वरिष्ठ प्रधान बिजेंद्र कादियान, पूर्व सर्कल सचिव महेंद्र मलिक, दिनेश, धर्मपाल, अजीत खोखर, प्रतीक, रोशनलाल, मनजीत आदि मौजूद थे।

#### घरेलू विवाद के चलते मानसिक तनाव की आशंका

## सोनीपत में कारोबारी ने ऊंची इमारत से कूदकर दी जान

*घटना के बाद इलाके में मचा हड़कंप पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू की*

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

सेक्टर-10 स्थित वर्धमान गार्डनिया में एक कारोबारी द्वारा सातवीं मंजिल से छलांग लगाकर जीवन समाप्त करने का मामला सामने आया है। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

मृतक की पहचान सुनील मित्तल के रूप में हुई है, जो मूल रूप से प्रभु नगर क्षेत्र के मिर्च मंडी के निवासी थे और पिछले करीब एक वर्ष से वर्धमान गार्डनिया की सी-3 बिल्डिंग में अकेले रह रहे थे। बताया जा रहा है कि उनकी पत्नी और तीन बच्चे उनसे अलग रह रहे थे। पारिवारिक विवाद के चलते वह लंबे समय से मानसिक तनाव में थे।

प्राथमिक जानकारी के अनुसार घटना से पहले सुनील ने अपने भाई को फोन किया था। बातचीत के दौरान उन्होंने ऐसा संकेत दिया कि वह आगे संपर्क में नहीं रहेंगे। इसके कुछ समय बाद उन्होंने इमारत की सातवीं मंजिल से छलांग लगा दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों ने पुलिस को अवगत कराया। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की और शव को नागरिक अस्पताल भेज दिया। मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है, जो फिलहाल बाहर रहते हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार मामले की विभिन्न पहलुओं से जांच की जा रही है। परिजनों के आने के बाद पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी की जाएगी और उनके बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## डंपर की चपेट में आने से युवक की जान गई

*पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की*

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

नेशनल हाईवे-44 की दिल्ली-पानीपत सर्विस रोड पर प्याऊ मनियारी ड्रेन नंबर आठ के पुल पर डंपर की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद डंपर चालक वाहन सहित मौके से भाग गया। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दिल्ली के नरेला राजीव कॉलोनी निवासी सन्नी ने प्राथमिकी दर्ज कराई है कि उनकी बहन प्रिया की शादी मध्यप्रदेश के जिला भिंड के गांव नरीपुरा निवासी टिंकू जर्मन साथ हुई थी। शादी के बाद से ही टिंकू जर्मन उनके साथ रह रहे थे और दोनों नाथूपुर सबौली स्थित पैरामाउंट बटन कंपनी में कार्यरत थे। वह रविवार दोपहर बाद अपने जीजा टिंकू जर्मन के साथ कंपनी के लिए मजदूरों की तलाश में निकले थे। वह पानीपत से दिल्ली सर्विस रोड पर ड्रेन नंबर-8 पुलिया के पास मजदूरों की तलाश में खड़े थे।

इसके बाद दोनों नेशनल हाईवे की सर्विस रोड को पार कर दूसरी तरफ जाने लगे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार डंपर ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनके जीजा टिंकू जर्मन को टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद चालक डंपर को लेकर भाग गया। हादसे के बाद संपर्क मार्ग पर वाहनों की कतार लग गई। वह परिचित की मदद से जीजा को अस्पताल में लेकर पहुंचे, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### तेज रफ्तार कार की टक्कर से युवक की मौत, दो घायल

**खरखौदा।** दिल्ली मार्ग पर कार की टक्कर से युवक की मौत हो गई। जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। गांव रामपुर कुंडल निवासी आजाद ने बताया कि वह 3 मई को अपने साथियों सिकंदर व हेमंत के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर जा रहा था। शाम को करीब 6.30 बजे दिल्ली मार्ग पर जिले सिंह फार्म हाउस के पास एक तेज रफ्तार डिजायर कार चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में सिकंदर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि आजाद व हेमंत घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

#### एडीसी अजय चोपड़ा को बनाया ओवरआल इंचार्ज, 264 पोलिंग पार्टियों का दूसरा रेंडमाइजेशन भी हुआ पूरा

## नगर निगम चुनाव : प्रशासन मुस्तैद, 23 पेट्रोलिंग पार्टियां तैनात

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

नगर निगम सोनीपत के मेयर एवं वार्ड पार्षदों के चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। मंगलवार को जिलाधीश नेहा सिंह ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट और सेक्टर सुपरवाइजर नियुक्त करने के आदेश जारी किए। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधिकारियों की ड्यूटी मतदान केंद्रों पर लगाई गई है।

जिलाधीश ने आदेशों में स्पष्ट किया कि सभी नियुक्त अधिकारी मतदान के दिन अपने आवंटित क्षेत्रों में कानून एवं व्यवस्था बनाए रखेंगे और चुनाव प्रक्रिया की लगातार निगरानी करेंगे। सभी ड्यूटी मजिस्ट्रेट और सेक्टर सुपरवाइजर को अपनी उपस्थिति रिपोर्ट संबंधित रिटर्निंग अधिकारी को देने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन का मुख्य लक्ष्य चुनाव प्रक्रिया को पूरी तरह स्वतंत्र और पारदर्शी बनाना है।




सोनीपत। रेंडमाइजेशन के दौरान मौजूद अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

चुनाव के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन ने 23 पेट्रोलिंग पार्टियां गठित की हैं। प्रत्येक पेट्रोलिंग पार्टी में एक ड्यूटी मजिस्ट्रेट और एक सेक्टर सुपरवाइजर शामिल रहेगा। ये पार्टियां बूथ संख्या के अनुसार कानून एवं व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालेंगी। उदाहरण के तौर पर पेट्रोलिंग पार्टी नंबर 01 को वार्ड नंबर एक के तीन स्थानों पर बूथ संख्या 01 से 09 तक की निगरानी का जिम्मा सौंपा गया है। इसी तरह अन्य पेट्रोलिंग पार्टियां भी अपने निर्धारित क्षेत्रों में मुस्तैद रहेंगी। इन सभी पार्टियों के सुपरविजन के लिए अतिरिक्त उपायुक्त अजय चोपड़ा को ओवरआल इंचार्ज नियुक्त किया गया है।

### पोलिंग पार्टियों को उनके संबंधित मतदान केंद्र आवंटित किए


प्रशासनिक स्तर पर तैयारियों को पुख्ता करते हुए मंगलवार को ही जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा सिंह की अध्यक्षता में 264 पोलिंग पार्टियों का द्वितीय रेंडमाइजेशन कार्य संपन्न हुआ। यह प्रक्रिया सॉफ्टवेयर के माध्यम से पूरी पारदर्शिता के साथ की गई। रेंडमाइजेशन के जरिए पोलिंग पार्टियों को उनके संबंधित मतदान केंद्र आवंटित कर दिए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि द्वितीय रेंडमाइजेशन के बाद सभी पार्टियों को उनके ड्यूटी स्थलों की जानकारी दे दी गई है। सभी कर्मचारियों को प्रशिक्षण में भाग लेना अनिवार्य होगा और उन्हें चुनाव सामग्री वितरण एवं निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के सख्त पालन के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान एडीसी अजय चोपड़ा, डिप्टी डीईओ कम नगराधीश सिमरन, आरओ सुभाष चन्द्र, एआरओ अंकिता वर्मा, एआरओ सुरेन्द्र सिंह, डीडीपीओ मनीष मलिक और डीआईओ विशाल कुमार आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# कोई बना स्टैच्यू, किसी ने नंगे पैर की शिरकत

## मेट गाला में पहुंचे कैटी -मेडोना से लेकर रिहाना तक कई सेलेब्स

*लॉस एंजिल्स। 78वें मेट गाला में दुनिया भर की तमाम दिग्गज हस्तियों का जमावड़ा लगा। इस दौरान कैटी पेरी और टेयाना टेलर से लेकर बियान्से, मैडोना, किम कार्दशियन, निकोल किडमैन, केंडल जेनर और सबरीना कारपेंटर जैसे कई सेलेब्स के नाम शामिल हैं। इस दौरान कैटी पेरी जहां एस्ट्रोनॉट वाले लुक में पहुंचीं, वहीं डोएची और हैदी क्लैम जैसे कई अन्य सितारों के आउटफिट ने भी लोगों का ध्यान खींचा।*

### सोने की साड़ी, मैंगो पर्स, ईशा ने अपने लुक से किया अट्रेक्ट



ईशा अंबानी पिछले कई साल से मेट गाला में हिस्सा ले रही हैं। इस बार भी ईशा मेटा गाला में अपने लुक को लेकर चर्चा में आ गई हैं। उन्होंने इस फैशन इवेंट में सोने की साड़ी, गजरा और मैंगो पर्स लेकर सभी को अट्रैक्ट किया है। सोने सी दमकती साड़ी, हाथों में सजा गजरे साथ कैरी किया गया अनोखा मैंगो-शेप्ड पर्सउनके लुक में चार चांद लगा रहा. ईशा अंबानी का यह पूरा लुक रॉयल लेकिन बेहद सॉफ्ट और ग्रेसफुल था। उनके इस लुक में हर छोटी-बड़ी डिटेल बेहद सोच-समझकर चुनी गई थीचाहे वह साड़ी का टेक्सचर हो, ज्वेलरी का सिलेक्शन या फिर कैरी किया गया मैंगो पर्स।

### अनन्या ने लाइमलाइट बटोरी

अनन्या बिड़ला ने मेट गाला 2026 में अपने डेब्यू से धूम मचा दी। उनका स्टाइलिश अंदाज इंटरनेट पर छाया हुआ है। बता दें कि इस बार इवेंट का थीम 'फैशन इज आर्ट' था। अनन्या बिड़ला फेमस डिजाइनर रॉबर्ड वुन के आउटफिट को स्टाइल किया था। ऑल-ब्लैक गाउन के साथ ब्लू का कॉम्बिनेशन काफी शानदार लग रहा है और उनके लुक को क्लासी बना रहा था। उन्होंने मैटेलिक मास्क के साथ अपने लुक को पूरा किया, जो उनके लुक की हाईलाइट बना। इस मास्क की वजह से उनका लुक अलग स्टैंडआउड कर गया और काफी वायरल हो रहा है। अनन्या बिड़ला के काम के साथ उनका स्टाइलिश अंदाज भी काफी चर्चा में रहता है।



**कैटी** : अमेरिकी गायिका कैटी पेरी मेट गाला 2026 की रेड कार्पेट पर बिल्कुल अलग अंदाज में पहुंचीं। सफेद रंग के आउटफिट में कैटी पेरी ने चेहरे पर एक अजीब तरह का मास्क लगाया हुआ था, जो एस्ट्रोनॉट जैसा लुक दे रहा था।

**टेयाना टेलर** : एक्ट्रेस टेयाना टेलर ने 2026 मेट गाला में खास सिल्वर फ्रिंज गाउन पहना था। फर्श तक लंबा यह गाउन पूरी तरह से लंबे, चमकदार मेटैलिक सिल्वर फ्रिंज से ढका हुआ है। इस लुक की खासियत एकइं टीग्रेटेड फ्रिंज हुड है, जो उनके बालों को ढकता है और उनके चेहरे पर आता है।

**बियान्से** : सिंगर-एक्ट्रेस बियान्से मेट गाला में नेक्ड स्कल्टन आउटफिट में पहुंचीं। स्किन कलर के मेश गाउन को चमकदार क्रिस्टल और हीरों से सजाया गया है। इसके ऊपर एक विशाल, रंगीन पंखों वाला कोट है।

**रिहाना** : सिंगर रिहाना ने ग्लेन मार्टेंस द्वारा डिजाइन किए गए इस खास मेसन मार्जिएला आर्टिसनल लुक में 2026 मेट गाला के रेड कार्पेट पर पहुंचीं। इस लुक की सबसे आकर्षक विशेषता उनके कंधों पर लिपटा हुआ गहरे रंग के इस झुर्रीदार कपड़े को एक फोटो फ्रेम की तरह बनाया गया है।

**किम कार्दशियन** : किम कार्दशियन के 2026 मेट गाला के आउटफिट को चमड़े के कारीगरों के अनूठे सहयोग से डिजाइन किया गया। इसका मुख्य आकर्षण एक चमकदार, नारंगी रंग का फाइबरग्लास बॉडीसूट है। इसमें नीचे लेदर की स्कर्ट है।

**डोएची** : अमेरिकी रैपर-सिंगर डोएची के आउटफिट ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। वो एक बरगंडी रंग के कस्टम आउटफिट में रेड कार्पेट पर पहुंचीं। यह एक बेहद पतला, बहने वाला बरगंडी रैप ड्रेस है जिसमें एक कट-आउट बॉडीस है और एक बोल्ड लेग स्प्लिट है। उन्होंने ड्रेस के साथ एक बड़ा, मैचिंग बरगंडी टर्बन या हेड रैप पहना था। सबसे खास बात यह है कि डोएची ने रेड कार्पेट पर नंगे पैर चलना चुना।

**मैडोना** : अमेरिकी सिंगर-एक्ट्रेस मैडोना का लुक भी ध्यान आकर्षित करने वाला रहा। एक लंबी काली सेमी-शीर आउटफिट के साथ एक बड़े ग्रे कलर रंग का पारदर्शी घूंघट है जो उनके चारों ओर फैला हुआ है। इसके साथ उन्होंने एक काली टॉप हैट पहनी है, जो एक ऊंचे, विस्तृत मूर्तिकलानुमा हेडपीस का आधार है।



**जेनेल मोने** : सिंगर-रैपर व एक्ट्रेस जेनेल मोने मेट गाला की रेड कार्पेट पर अनोखे आउटफिट में पहुंचीं। उन्होंने एक अनोखा गाउन पहना, जो प्रकृति और टेक्नोलॉजी को दिखाता है। इस फ्लोर-लेंथ गाउन को असली बिजली के केबल, कंप्यूटर वायरिंग और सर्किट बोर्ड और मदरबोर्ड के कंस्ट्रक्टेड टुकड़ों का उपयोग करके बनाया गया था। इसमें आठ पौधे और असली काई के पैच शामिल थे।



## हॉलीवुड मसाला




### फिल्ममेकिंग करना चाहती हैं

लॉस एंजिल्स। न्यूयॉर्क में आयोजित मेट गाला 2026 में वैसे तो रिहाना से लेकर काइली जेनर और ईशा अंबानी से सबरीना कारपेंटर तक सब पहुंचे, लेकिन अपनी खूबसूरती के कारण मजमा लूट ले गईं निकोल किडमैन की बेटी। 17 साल की संडे रोज़ को देख हर कोई फिदा है। संडे रोज़ अभी तक फिल्मी दुनिया का पूरी तरह से हिस्सा नहीं बनी हैं। एक इंटरव्यू में संडे रोज़ ने बताया था कि वह आगे फिल्ममेकर बनना चाहती हैं। उन्होंने कहा, 'असल में 5 साल की उम्र से ही फिल्ममेकिंग मेरा सपना रहा है।



### क्रिस्टोफर की द ओडिसी का नया ट्रेलर रिलीज...

लॉस एंजिल्स। क्रिस्टोफर नोलन की फिल्म द ओडिसी का नया ट्रेलर जारी हो गया है। इसमें मैट डेमन को ओडीसियस के रूप में दिखाया गया है और ट्रोजन युद्ध के बाद उनकी खतरनाक घर वापसी की यात्रा को करीब से देखा जा सकता है। यूनिवर्सल पिक्चर्स की यह फिल्म 17 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ट्रेलर में ओडीसियस को इथाका राज्य लौटने की कोशिश करते हुए दिखाया गया है, जहां उनकी पत्नी पेनेलोप (ऐनी हैथवे द्वारा अभिनीत) और उनके बेटे टेलीमाकस (टॉम हॉलैंड द्वारा अभिनीत) पर खतरा बढ़ता जा रहा है। फिल्म ग्रीक पौराणिक कथा के नायक ओडीसियस की कहानी पर आधारित है। इस किरदार को मैट डेमन ने निभाया है। ट्रेलर में ग्रीक हीरो को लंबी, टॉर्चर और फिक्शनल घर वापसी की यात्रा पर दिखाया गया है।



## इरफान-विद्या की फिल्म द लास्ट टेनेंट...

**मुंबई।** करीब 25 साल पुरानी एक फिल्म आखिरकार अब यूट्यूब पर रिलीज कर दी गई है। इस फिल्म में दिवंगत अभिनेता इरफान खान और विद्या बालन एक साथ नजर आते हैं। ये फिल्म उस समय कुछ कारणों से रिलीज नहीं हो पाई थी, लेकिन हाल ही में इसे यूट्यूब पर रिलीज कर दिया गया है। दिवंगत एक्टर इरफान खान अपनी शानदार एक्टिंग के लिए जाने जाते हैं, वहीं विद्या बालन भी बॉलीवुड में कई शानदार फिल्में कर चुकी हैं। इन दोनों की फिल्म, जो 25 साल पहले शूट हुई थी। उसे मंगलवार को आखिरकार रिलीज कर दिया गया है। फिल्म का नाम 'द लास्ट टेनेंट' है। यह फिल्म विद्या बालन के करियर के शुरुआती दौर की है, जिसे काफी समय पहले शूट किया गया था। मूवी किसी वजह से रिलीज नहीं हो पाई और करीब दो दशकों से ज्यादा समय तक बंद पड़ी रही।



## धमाल मचाने को तैयार सूर्या और तृषा

**नई दिल्ली।** सूर्या की आगामी फिल्म 'करुप्पु' ने अपनी सेंसर प्रक्रिया पास कर ली है और इसे पास कर दिया गया है। यह फिल्म 14 मई को रिलीज होने जा रही है। सेंसर बोर्ड से हरी झंडी मिलने के बाद यह फिल्म अपने तय समय पर रिलीज को तैयार है। इसमें सूर्या के साथ तृषा की जोड़ी जमेगी। आरजे बालाजी द्वारा निर्देशित एक्टर सूर्या की फिल्म 'करुप्पु' एक एक्शन ड्रामा मूवी है। यह वर्ल्डवाइड रिलीज होगी। सेंसर प्रक्रिया से गुजरने के बाद फिल्म को 'U/A' सर्टिफिकेट मिल गया है। फिल्म के टीजर और अन्य प्रमोशनल वीडियो ऑनलाइन रिलीज होने के बाद से ही इसने लोगों में काफी दिलचस्पी जगाई है। इस फिल्म में अभिनेत्री तृषा फीमेल लीड रोल कर रही हैं। वे एक वकील की भूमिका निभा रही हैं। इसमें उनका नाम प्रीति है।

## टीवी मसाला



### राकेश और दिलीप के साथ पोज देते हुए नजर आए मंदार

**नई दिल्ली।** मशहूर टीवी सीरियल 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में भिड़े मास्टर का रोल करने वाले अभिनेता मंदार चांदवडकर ने दिग्गज कलाकार राकेश बेदी और दिलीप जोशी के साथ अपनी एक खास तस्वीर शेयर की। इसी के साथ उन्होंने दोनों को 'धुरंधर' और लीजेंड अभिनेता बताया है। मंदार चंदवादकर ने राकेश बेदी और दिलीप जोशी के साथ अपनी एक खास तस्वीर इंस्टाग्राम पर शेयर की है। राकेश बेदी हाल ही में 'धुरंधर' फिल्म में जमील जमाली का रोल करके चर्चा में बने हुए हैं। वहीं दिलीप जोशी 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' शो में जेठालाल गड़ा का किरदार निभाया है। तीनों में काफी अच्छी दोस्ती है।मंदार चंदवादकर ने इंस्टाग्राम पर अपने दोस्तों संग इस खास तस्वीर को शेयर किया। इसी के साथ मंदार ने कैप्शन में लिखा, 'धुरंधर 1' और 'धुरंधर 2' के साथ, इन दो दिग्गजों के साथ स्क्रीन पर काम करना बहुत खुशी और मजेदार अनुभव रहा। भगवान का शुक्रिया।' इन तीनों की तस्वीरों पर फैंस जमकर प्यार बरसा रहे हैं। दर्शकों के बीच लोकप्रिय शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' भारत के ज्यादातर घरों में देखा जाता है। यह एक कॉमेडी और फैमिली ड्रामा टीवी शो है। यह शो मुंबई की गोकुलधाम सोसाइटी में रहने वाले परिवारों की मस्ती और रोजमर्रा की जिंदगी पर आधारित है। मंदार चांदवडकर सिर्फ टीवी शो ही नहीं बल्कि थिएटर में भी अच्छा काम करते हैं। उन्होंने अपना खुद का थिएटर ग्रुप बनाया है। वह कई हिंदी-मराठी नाटकों में अभिनय और निर्देशन किया है। उन्होंने 30 से ज्यादा टीवी सीरियल्स में भी काम किया है।

### एक्टिंग छोड़कर अब चुना अध्यात्म का रास्ता

**नई दिल्ली।** टीवी की अभिनेत्री रहीं एना जयसिंघानी इन दिनों चर्चा में हैं। हाल ही में उन्होंने अपने बारे में अहम खुलासा किया है। जयसिंघानी ने अपने करियर की शुरुआत एकता कपूर के शो से की थी। बाद में उन्होंने इंडस्ट्री छोड़ दी। अब उन्होंने अध्यात्म का रास्ता चुन लिया है। वह वृंदावन में भगवान कृष्ण की भक्ति में लीन हैं। अन्ना जयसिंघानी एक पूर्व टेलीविजन अभिनेत्री और कोरियोग्राफर हैं। उन्होंने अपनी अभिनय की ट्रेनिंग बालाजी टेलीफिल्म्स से ली थी। यह एकता कपूर का प्रोडक्शन हाउस है। अन्ना को 'देखा एक ख्वाब' जैसे सीरियल्स से काफी शोहरत मिली। वह 'सावधान इंडिया' और 'क्राइम पेट्रोल' जैसे क्राइम-बेस्ड शो में भी नजर आ चुकी हैं। इन शो की मदद से टीवी की दुनिया में उनके करियर को एक नई उड़ान मिली। मध्य प्रदेश के ग्वालियर से ताल्लुक रखने वाली एना ने हाल ही में यूट्यूब चैनल मेरो वृंदावन के साथ बातचीत में बताया कि उन्होंने अपना जीवन कृष्ण भक्ति को समर्पित कर दिया है।



## विक्की बनेंगे चौथे इडियट! 10 साल आगे बढ़ेगी कहानी

**मुंबई।** भारतीय सिनेमा के इतिहास की सबसे पसंदीदा फिल्मों में से एक को आखिरकार सीक्वल मिल रहा है और इसके साथ ही इसकी कास्ट में एक बड़ा नया नाम जुड़ सकता है। हाल ही में आई खबरों के अनुसार, राजकुमार हिरानी की 2009 की ब्लॉकबस्टर फिल्म '3 इडियट्स' के सीक्वल '4 इडियट्स' में शामिल होने के लिए विक्की कौशल से बातचीत चल रही है। एक्टर को चौथे इडियट के रोल के लिए चुना जा रहा है, जिसके बाद वह आमिर खान, आर. माधवन और शरमन जोशी के साथ जुड़ेंगे। यह बॉलीवुड के इतिहास में सबसे बड़ी कास्टिंग में से एक साबित हो रही है। विक्की कौशल से न केवल इस रोल के लिए संपर्क किया गया है, बल्कि उन्होंने इसमें इंट्रेस्ट भी दिखाया है। उम्मीद है कि उनका किरदार कहानी में एक नया इमोशनल फैक्टर जोड़ेगा और केमिस्ट्री को और मजबूत करेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि विक्की कौशल आमिर खान के साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं और उस मशहूर फिल्म का हिस्सा बनना चाहते हैं जिसे हर कोई याद रखता है। जिन लोगों को जानकारी नहीं है, उन्हें बता दें कि विक्की कौशल इससे पहले निर्देशक राजकुमार हिरानी के साथ 'संजू' (2018) और 'डंकी' (2023) दोनों फिल्मों में काम कर चुके हैं। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि बातचीत शुरुआत के फेज से काफी आगे बढ़ चुकी है, क्योंकि कई मीटिंग्स हो चुकी हैं और विक्की कौशल ने इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने की इच्छा जताई है। गौरतलब है कि '4 इडियट्स' के लिए पूरी तरह से श्योर होने से पहले, विक्की कौशल को 'महावतार' पर अपना काम पूरा करना होगा, जिसके लिए एक शूटिंग शेड्यूल की जरूरत है और जिसकी शूटिंग जल्द ही शुरू होने वाली है। इसके अलावा, रिपोर्ट में कहा गया है कि फिल्म पर काम लगातार जारी है। डायरेक्टर राजकुमार हिरानी अपने लंबे समय के सहयोगी और लेखक अभिजात जोशी के साथ कहानी पर काम कर रहे हैं। '4 इडियट्स' पर काम 2027 से शुरू होने की उम्मीद है।




### 4 इडियट्स की क्या होगी कहानी?

आमिर खान ने हाल ही में अमर उजाला को दिए एक इंटरव्यू में इस प्रोजेक्ट की आधिकारिक पुष्टि की। आमिर खान ने खुद कहानी के बारे में एक अहम जानकारी देते हुए बताया कि यह फिल्म '3 इडियट्स' के अंत से दस साल आगे की कहानी है। इस समय के गैप में यह दिखाया जाएगा कि बीते साल में इन किरदारों में क्या बदलाव आए हैं, साथ ही नए संघर्ष और चुनौतियां भी सामने आएंगी। बताया जा रहा है कि आमिर '4 इडियट्स' पर काम शुरू करने से पहले एक और फिल्म पूरी कर रहे हैं, ताकि उनकी फिल्म बाकी कलाकारों के साथ तालमेल बिठा सके।

## भूतिया महल की कहानी को लेकर लौटे मिमोह, हॉन्टेड 3डी का टीजर आउट...

**मुंबई।** 1920 और शापित जैसी हॉरर फिल्मों के लिए मशहूर फिल्म निर्माता-निर्देशक विक्रम भट्ट की 'हॉन्टेड 3डी एकोस ऑफ द पास्ट' का टीजर रिलीज कर दिया गया है। यह एक हॉरर फिल्म है। इसके साथ ही निर्माताओं ने अपनी नई हॉरर फिल्म 'हॉन्टेड 3डी' की रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया है। फिल्ममेकर्स ने आज 5 मई मंगलवार को फिल्म 'हॉन्टेड 3डी' का टीजर रिलीज कर दिया है। 'हॉन्टेड 3डी' के टीजर की शुरुआत एक कार में सुनसान सड़क पर मिमोह चक्रवर्ती को गाड़ी में बैठे दिखाया जाता है, जिसका यह सफर एक महल पर जाकर रुकता है। महल में पहुंचते ही कुछ अजीब घटनाएं होनी शुरू हो जाती हैं, जिसके बाद चेतना पांडे की एंट्री होती है। टीजर में रहस्यों से पर्दा नहीं उठाया गया है, लेकिन कई सींस देखने में बेहद डरावने और रोंगटे खड़े करने वाले हैं। निर्देशक विक्रम भट्ट की फिल्म 'हॉन्टेड 3डी एकोस ऑफ द पास्ट' 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म को हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषा में रिलीज किया जाएगा। पहले यह फिल्म 21 नवंबर, 2025 को रिलीज होने वाली थी, लेकिन फिल्म की रिलीज को बदलकर 30 जनवरी 2026 और फिर 6 फरवरी 2026 तक टाल दिया गया। अब मेकर्स ने फिल्म को 12 जून को रिलीज करने का फैसला किया है। 'हॉन्टेड 3डी' में मिमोह चक्रवर्ती और चेतना पांडे मुख्य भूमिका में हैं। इन दोनों के अलावा फिल्म में श्रुति प्रकाश, गौरव बाजपेयी, प्रणीत भट्ट और हेमंत पांडे हैं।



### धमाकेदार है ये वीक, लुक्खे से डकैत तक

# ओटीटी पर दस्तक देंगी ये रोमांचक फिल्में और सीरीज

*नई दिल्ली। बीते हफ्ते सिनेमाघरों में कई फिल्में रिलीज हुईं। इनमें 'राजा शिवाजी' सबसे ज्यादा चर्चा बटोर रही है। इसके अलावा रोमांटिक फिल्म 'एक दिन' ने भी दस्तक दी। वहीं, ओटीटी पर भी बीता वीक कम दिलचस्प नहीं रहा। हालांकि, घर बैठे कुछ दिलचस्प देखने वालों के लिए यह वीक भी निराश नहीं करेगा।*

#### लुक्खे सीरीज



वेब सीरीज 'लुक्खे' इस वीक रिलीज हो रही है। यह एक म्यूजिक क्राइम-सस्पेंस सीरीज है। इसमें राशि खन्ना, पलक तिवारी, किंग जैसे सितारे हैं। किंग इसके जरिए एक्टिंग डेब्यू कर रहे हैं। राशि खन्ना खाकी वर्दी पहने नजर आएंगी। वे पुलिस ऑफिसर गुरबानी का रोल निभा रही हैं। क्राइम, ड्रग्स, म्यूजिक और बदले की भावना पर आधारित इस सीरीज में एक्शन भी भरपूर है। इसका निर्देशन हिमांक गौर ने किया है। वेब सीरीज 'लुक्खे' 08 मई को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

#### डकैत



सिनेमाघरों के बाद फिल्म 'डकैत' अब ओटीटी पर आ रही है। आदिवी शेष और मृणाल ठाकुर की यह एक्शन-थ्रिलर फिल्म है। यह फिल्म 8 मई 2026 से प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। यह फिल्म 10 अप्रैल 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। मगर, 'धुरंधर 2' और 'भूत बंगला' जैसी फिल्मों के सामने टिक नहीं पाई।

#### लव इंश्योरेंस कंपनी



यह तमिल रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। 10 अप्रैल 2026 को यह सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब तमिल, हिंदी, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आएगी। 6 मई 2026 से यह प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।

#### वाझा 2



मलयालम फिल्म वाझा 2 सिनेमाघरों में शानदार प्रदर्शन के बाद अब ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है। 2 अप्रैल 2026 को रिलीज हुई इस फिल्म ने 200 करोड़ क्लब में एंट्री ली है। दर्शकों से इसे खूब प्यार मिला। सविन एसए के निर्देशन में बनी यह एक कॉमेडी-ड्रामा फिल्म है। यह साल 2024 की हिट फिल्म का सीक्वल है। 08 मई से वाझा 2 को जियो हॉटस्टार पर देखा जा सकता है। यह फिल्म चार दोस्तों के जीवन पर आधारित है।

**खुशखबरी:** शिक्षा निदेशालय ने राजकीय विद्यालयों के मुखियाओं से मांगा विद्यार्थियों का आंकड़ा

# विभिन्न योजनाओं की प्रोत्साहन राशि आएगी सीधे बैंक खाते में

छात्रवृत्ति, वर्दी, स्कूल बैग व स्टेशनरी भत्ता जल्द मिलेगा

- स्कूलों को वन स्कूल एप पोर्टल पर विद्यार्थियों का संपूर्ण विवरण अपलोड करना अनिवार्य किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



सोनीपत। राजकीय विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

छात्रवृत्ति/प्रोत्साहन योजना के तहत वित्त वर्ष 2026-27 में विद्यार्थियों को पीएफएमएस/डीबीटी के माध्यम से छात्रवृत्ति, वर्दी, स्कूल बैग व स्टेशनरी भत्ता की राशि विद्यार्थियों को जल्द मुहैया करवाई जाएगी। इसके लिए विद्यालय शिक्षा निदेशालय की ओर से जिला शिक्षा विभाग को राजकीय विद्यालयों के मुखियाओं से पात्र विद्यार्थियों का जल्द पूर्ण विवरण मांगा गया है।

कक्षा पहली से 8वीं तक विद्यार्थियों को मुहैया करवाई जाने वाली प्रोत्साहन राशि के लिए निदेशालय ने नई व्यवस्था लागू की है। विद्यार्थियों को मिलने वाली छात्रवृत्ति, वर्दी, स्कूल बैग व स्टेशनरी के लिए प्रोत्साहन राशि अब सीधे उनके बैंक खातों में भेजी जाएगी। बता दें कि नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए राजकीय विद्यालयों की कक्षा पहली से 8वीं में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को दी जाने वाली विभिन्न योजनाओं की प्रोत्साहन राशि को अब सीधे उनके खाते में भेजा जाएगा। इसके लिए स्कूलों को वन स्कूल एप पोर्टल पर विद्यार्थियों का संपूर्ण विवरण अपलोड करना अनिवार्य किया गया है। इसमें विद्यार्थी के परिवार पहचान पत्र का सत्यापन, बैंक खाता संख्या, आईएफएससी कोड व अन्य आवश्यक जानकारी विद्यालय प्रबंधकों के माध्यम से मांगी गई है। उधर जिला शिक्षा विभाग ने सभी विद्यालयों को विद्यार्थियों का पूरा व सही विवरण समय पर अपडेट करने के निर्देश दिए हैं, ताकि किसी भी पात्र विद्यार्थी को मिलने वाले लाभ से वंचित न रहना पड़े।

### पहली कक्षा में एडमिशन लेने वाले पर फोकस

शिक्षा विभाग की ओर से निर्देश दिए गए हैं कि कक्षा पहली में नए दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों के पास अगर बैंक खाते नहीं हैं, तो जल्द से जल्द उनके बैंक खाते खुलवाना सुनिश्चित किया जाएं, ताकि उन्हें समय पर योजना का लाभ मिल सके। साथ ही विद्यालय प्रबंधकों को सख्त हिदायत दी गई है कि वह अपने स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों का सही व पूर्ण विवरण पोर्टल पर दर्ज करवाएं। इसके बाद अगर किसी विद्यार्थी का विवरण अधूरा या गलत पाया जाता है और उन्हें योजना का लाभ नहीं मिल पाता है, तो इसकी जिम्मेदारी संबंधित स्कूल व प्रशासन की होगी इसलिए विद्यालय प्रशासन विवरण पूरी सावधानी से दर्ज करवाएं।

### खंड शिक्षा अधिकारी रखें नजर

जिले के प्रत्येक खंड शिक्षा अधिकारियों को भी निर्देश दिए गए हैं कि वह अपने क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी विद्यालयों पर संबंधित कार्य के लिए नियमित निगरानी रखें। साथ ही आवश्यकता पढ़ने पर उचित कदम उठाएं। इस कार्य को प्राथमिकता देना विद्यालय प्रबंधकों के साथ अधिकारियों की भी जिम्मेदारी है। समय पर प्रक्रिया पूरी होने से विद्यार्थियों को योजनाओं का सीधे व पारदर्शी तरीके से लाभ मुहैया करवाया जा सकेगा।

**कोई विद्यार्थी लाभ से वंचित न रहे**

विद्यालय शिक्षा निदेशालय की ओर से विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत विद्यार्थियों को सीधे उनके खातों में प्रोत्साहन राशि मुहैया करवाई जाती है, ताकि उन्हें शिक्षा ग्रहण करने में आर्थिक परेशानी का सामना न करना पड़े। इसी उद्देश्य से निदेशालय ने राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों का विवरण जल्द पोर्टल पर दर्ज करवाने के निर्देश दिए हैं। इस कार्य को जल्द से जल्द पूरा करवाने के लिए विद्यालय प्रबंधकों के साथ खंड शिक्षा अधिकारियों को भी निर्देश दे दिए गए हैं, ताकि कोई विद्यार्थी लाभ से वंचित न रह सके।

-**नवीन गुलिया**, जिला शिक्षा अधिकारी, सोनीपत



गोहाना। भूतपूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए नागरिक। फोटो : हरिभूमि

# भूतपूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह को किया नमन

गाय चरवाहा से राष्ट्रपति बनने तक का सफर किया तय : आजाद सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

महम रोड गोहाना स्थित भगवान विश्वकर्मा चौक में मंगलवार को विश्वकर्मा समाज के लोगों ने पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह की 110वीं जयंती मनाई। समारोह में नागरिकों ने ज्ञानी जैल सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी।

मुख्य वक्ता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने कहा देश के 7वें राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह का जन्म 5 मई 1916 को पंजाब के एक बढई गरीब परिवार में हुआ। गरीबी के कारण वे बचपन में अपने पिता के साथ बढई का कार्य और गाय चराने का कार्य करते थे। मात्र 15 साल की उम्र में ही देश को आजाद कराने वाले आंदोलनों में बढ़ चढ़कर भाग लेने लगे और उन्हें 5 साल जेल की सजा काटनी पड़ी। जयंती समारोह की अध्यक्षता समाज सेवी जितेंद्र जांगड़ा ने की। उन्होंने कहा ज्ञानी जैल 1972 में पंजाब के मुख्यमंत्री बने। 1980 में केंद्र में गृहमंत्री बने और 25 जुलाई 1982 को देश के 7वें राष्ट्रपति बने। 25 दिसंबर सन 1994 को सड़क दुर्घटना उनकी मौत हो गई। इस मौके पर मोर्चे के प्रवक्ता रामनिवास पांचाल, नरेश विश्वकर्मा, राजेंद्र पांचाल, अशोक जांगड़ा, समेराम धीमान, बिजेंदर प्रजापति व कृष्ण लाल पांचाल उपस्थित रहे।

## न्यूज डायरी

### शिक्षण पद्धति को और प्रभावी बनाने पर बल दिया



गोहाना। गीता विद्या मंदिर, गोहाना में मंगलवार को विद्या भारती प्रांत शैक्षणिक प्रमुख शीषपाल व प्रांत शिशुवाटिका प्रमुख सोमदत्त ने शैक्षणिक एवं सह शैक्षणिक गतिविधियों का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने विभिन्न कक्षाओं में जाकर शिक्षण व्यवस्था का अवलोकन किया तथा कक्षा मॉनिटर, विभाग प्रमुखों व विद्यार्थियों से संवाद स्थापित किया। शीषपाल ने शिक्षण पद्धति, विद्यार्थियों की सहभागिता एवं अनुशासन व्यवस्था जांची और आचार्यों से संवाद करते हुए बाल केंद्रित शिक्षण पद्धति को और प्रभावी बनाने पर बल दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य अश्विनी कुमार ने की। इस अवसर पर विभाग प्रमुख दीपक कपूर एवं मन्नू दूहन सहित अन्य आचार्यगण उपस्थित रहे।

### साक्षी का कॉलेज में पहुंचने पर किया स्वागत



**सोनीपत।** हिन्दू गर्ल्स कॉलेज की एनसीसी कैडेट साक्षी ने मनाली में आयोजित राष्ट्रीय माउंटेनियरिंग एडवेंचर कैंप में भाग लेकर सफलता हासिल की है। कॉलेज पहुंचने पर स्वागत किया गया। यह कैंप 21 से 30 अप्रैल 2026 तक चला, जिसमें साक्षी ने 7 दिन एबीवीआईएमएएस और 3 दिन सोलंग वैली में प्रशिक्षण लिया। साक्षी ने बताया कि कैंप में उन्हें थ्योरी और प्रैक्टिकल दोनों तरह का प्रशिक्षण मिला, जिससे आत्मविश्वास और अनुशासन बढ़ा। साक्षी ने हरियाणा का प्रतिनिधित्व करते हुए हरियाणवी लोक नृत्य भी प्रस्तुत किया, जिसे सराहा गया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. विपाशा अग्रवाल, उप-प्राचार्या डॉ. अनीता गोयल और एएनओ कैप्टन नीतू नसीयर ने साक्षी की उपलब्धि पर खुशी जताते हुए इसे अन्य छात्राओं के लिए प्रेरणादायक बताया।

### शिविर में 205 लोगों की नि:शुल्क जांची आंखें



**सोनीपत।** दी महाराजा अग्रसेन समिति की ओर से समाजसेवा की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए मंगलवार को गुड़ मंडी स्थित अग्रसेन धर्मशाला में 44वां निशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया। शिविर में दिल्ली स्थित वेणु आई इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर से आई विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने मरीजों के नेत्रों की जांच में सहयोग किया। शिविर में 205 मरीजों के नेत्रों की जांच की गई, जिनमें से 27 मरीजों को मोतियाबिंद की शिकायत पाई गई। इन सभी मरीजों को निशुल्क ऑपरेशन के लिए चिकित्सकों के साथ दिल्ली भेजा गया। शिविर में डॉ. इब्रान, सद्दाम, गीतम, हिफ्जा, नंदिनी, रिया, महेंद्र, योगेश सहित समिति के पदाधिकारी ओडी गर्ग, दयाराम जैन, डॉ. राजेश गुप्ता, राजीव गर्ग, लक्ष्य गोयल, आशु मंगला, साहिल मित्तल, विवेक गर्ग, अमन गोयल, दीपक कुमार, अभिषेक गोयल, ईशा गोयल मौजूद रहे।

# जीवीएम गर्ल्स कॉलेज ने ओवरऑल ट्रॉफी जीती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



जीवीएम गर्ल्स कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय 'वॉरियर्स एनसीसी फेस्ट 2026' का भव्य समापन हुआ। फेस्ट में ओवरऑल ट्रॉफी जीवीएम गर्ल्स कॉलेज ने अपने नाम की, जबकि हिंदू गर्ल्स कॉलेज प्रथम उपविजेता रहा। समापन समारोह में मुख्य अतिथि असिस्टेंट कमिश्नर कोमल देशवाल रहीं। कार्यक्रम संस्था के अध्यक्ष डॉ. ओ.पी. परुथी, प्राचार्या डॉ. मंजुला स्पाह और उप-प्राचार्या डॉ. सुमन नासा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। फेस्ट की थीम 'एक्कमः विविधता में एकता' रही। इसमें हिंदू गर्ल्स कॉलेज, जीवीएम गर्ल्स कॉलेज, ताऊ देवीलाल कॉलेज, एसआरएम और टीका राम कॉलेज सहित 9 संस्थानों के कैडेट्स ने भाग लिया। डिक्लेमेशन में निकिता प्रथम, श्रेयांबिका द्वितीय, मानसी तृतीय रहीं। रंगोली में मीनाक्षी प्रथम, दीपिका व हीना द्वितीय स्थान पर रहीं। पोस्टर मेकिंग में हिमांशी प्रथम, अंशिका द्वितीय, जानू तृतीय रहीं। निबंध में तन्वी प्रथम, अर्पिता द्वितीय और विन्सी व मुस्कान तृतीय रहीं। क्विज में निकिता, चैरी, जानवी की टीम प्रथम रही। स्क्वाड ड्रिल में जीवीएम प्रथम, हिंदू गर्ल्स कॉलेज द्वितीय रहा। कार्यक्रम का संचालन लेफ्टिनेंट प्रियंका ने किया। फेस्ट की थीम 'एक्कमः विविधता में एकता' रही।

# एफएलएस कार्यक्रम के माध्यम से कक्षा तीसरी के छात्रों के आकलन की तैयारी

- एनसीईआरटी 3 दिन जिले के 24 विद्यालयों में करवाएगा फाउंडेशनल लर्निंग स्टडी कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



शिक्षा के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने व विद्यार्थियों के सीखने के स्तर का आकलन करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की ओर से प्रदेशभर में 6 से 8 मई तक तीन दिवसीय फाउंडेशनल लर्निंग स्टडी (एफएलएस) कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम के तहत राजकीय विद्यालयों की कक्षा तीसरी पास कर चुके (वर्तमान सत्र में कक्षा चौथी) के विद्यार्थियों का आकलन करवाया जाएगा। इसके तहत जिले में 24 विभिन्न राजकीय विद्यालयों का चयन किया गया है। चयनित किए गए 24 विद्यालयों में 18 अंग्रेजी माध्यम व 6 हिंदी माध्यम स्कूलों को शामिल किया गया है। इसी उद्देश्य को लेकर मंगलवार को बीसवां मील स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में फील्ड इन्वेस्टिगेटर्स के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला सह समन्वयक जसपाल सिंह, डायट प्रवक्ता एवं एफएलएन के जिला समन्वयक मनोज वर्मा ने आंकलन कार्य से संबंधित प्रशिक्षण एवं मॉनिटरिंग के कार्य को संभाला। उन्होंने बताया कि आंकलन के दौरान नियुक्त फील्ड इन्वेस्टिगेटर विद्यालयों में पहुंचकर टैबलेट के माध्यम से डिजिटल परीक्षण करवाएंगे।

### केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर के जन्मदिन पर 51 कुंडीय महायज्ञ



**खरखौदा।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर के जन्मदिन पर खरखौदा में 51 कुंडीय महायज्ञ आयोजित किया। कार्यक्रम का नेतृत्व क्षेत्र के विधायक पवन खरखौदा ने किया। यज्ञ का आयोजन मनोहर लाल खट्टर के उज्ज्वल भविष्य, दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना को लेकर किया गया। पूरे वातावरण में वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठानों की गूंज से माहौल भक्तिमय हो गया। यज्ञ के उपरांत अपने संबोधन में विधायक पवन खरखौदा ने कहा कि मनोहर लाल खट्टर ने मुख्यमंत्री रहते हुए हरियाणा प्रदेश को विकास के नए आयाम दिए हैं। उन्होंने जनता से आह्वान किया कि हम सभी को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर ईमानदारी, पारदर्शिता और कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपने कार्यों का निर्वहन करना चाहिए। यज्ञ के ब्रह्मा सोमवीर आर्य ने यज्ञ की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि यज्ञ केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि समस्त प्राणी मात्र के कल्याण का माध्यम है, जो वातावरण को शुद्ध करके समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। कार्यक्रम के समापन भाजपा की प्रचंड जीत पर उपस्थित लोगों को लड्डू वितरित कर मुँह मीठा कराया गया।



### 12 साल में भाजपा ने खरखौदा को बना दिया नरक : जयवीर

**खरखौदा।** नगर पालिका खरखौदा के मुख्य गेट पर सफाई कर्मचारियों द्वारा दिए जा रहे धरने का समर्थन करने के लिए पूर्व विधायक एवं पूर्व सीपीएस जयवीर वाल्मीकि पहुंचे। उन्होंने कर्मचारियों को आश्वासन दिया कि वह सफाई कर्मचारियों की मांगों को लेकर सरकार तक उनकी आवाज को पहुंचाएंगे। उसके लिए चाहे उन्हें कोई धरना प्रदर्शन करना पड़े या पत्र लिखकर सरकार को जगाना पड़े। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारी किसी भी क्षेत्र के लिए अहम होता है। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार ने तो 12 साल में इस खरखौदा क्षेत्र को नरक बना दिया है। कभी सफाई कर्मचारी तो कभी किसी विभाग के कर्मचारी अपनी मांगों के लिए धरना प्रदर्शन पर बैठे रहते हैं। इसके बावजूद सरकार का कर्मचारियों के हितों के प्रति कोई ध्यान नहीं है।

# एकता बांगड़ और अंजलि वर्मा का शोध के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना



भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) के एमएसएम इंस्टिट्यूट ऑफ आयुर्वेद की अंतिम वर्ष की दो छात्राएं एकता बांगड़ और अंजलि वर्मा ने केंद्रीय आयुर्वेदिक विज्ञान अनुसंधान परिषद , नई दिल्ली द्वारा संचालित स्पार्क 4.0 कार्यक्रम के अंतर्गत अपने शोध प्रस्ताव के चयन में सफलता प्राप्त की है। विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने दोनों छात्राओं को बधाई दी।

संस्थान के प्राचार्य डॉ. एपी नायक के अनुसार स्पार्क कार्यक्रम केंद्रीय आयुर्वेदिक विज्ञान अनुसंधान परिषद की एक पहल है, जिसका उद्देश्य स्नातक विद्यार्थियों में शोध के प्रति रुचि विकसित करना और उन्हें शोध का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना है। एकता बांगड़ इस कार्यक्रम के तहत डॉ. ममता रानी के मार्गदर्शन में प्रीमेंस्ट्रुअल सिंड्रोम का देह प्रकृति के साथ संबंध और अंजलि वर्मा, डॉ. वीना हिमांशु शर्मा के निर्देशन में इयरफोन के अत्यधिक उपयोग के कारण श्रवण शक्ति पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों का अध्ययन करेंगी। शोध कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण होने और चयनित होने पर प्रत्येक छात्रा को 50 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जाएगी। कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि विवि में शोधोन्मुख वातावरण को सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

किशोरियों के बेहतर स्वास्थ्य एवं सुरक्षित भविष्य को लेकर अभिभावकों के साथ स्वास्थ्य विभाग भी सतर्क

# एचपीवी वैक्सीन लगवाने के लिए किया जा रहा है जागरूक, 900 छात्राओं को लगाया जा चुका टीका

स्वास्थ्य विभाग को मिली थी 2000 वैक्सीन 28 फरवरी से की गई थी अभियान की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत




जिले में किशोरियों के बेहतर स्वास्थ्य एवं सुरक्षित भविष्य को लेकर अभिभावकों के साथ स्वास्थ्य विभाग की ओर से उचित कदम उठाने का निर्णय लिया गया है। योजना के तहत स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी स्कूलों में जाकर 14 वर्ष तक की छात्राओं को कैंसर से बचाव के लिए जागरूक कर रहे हैं। साथ ही 14 से 15 वर्ष तक की छात्राओं को ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) वैक्सीन लगवाने का सुझाव दिया गया है।

बता दें कि करीब 10 दिन पहले उपायुक्त नेहा सिंह ने स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ बैठक कर कुछ सुझाव रखे थे। साथ ही उपायुक्त ने एचपीवी वैक्सीन लगवाने की संख्या बढ़ाने के भी निर्देश दिए थे। हालांकि 14 से 15 वर्ष तक की छात्राओं को एचपीवी वैक्सीन लगाने की शुरुआत 28 फरवरी से की गई थी। विभाग के पास 2000 वैक्सीन मिली थी, साथ ही चिकित्सकों को तीन माह में वैक्सीन लगाने के लिए कहा गया था। अधिकारियों की मानें तो अब तक करीब 900 छात्राओं को वैक्सीन लगाने का कार्य पूर्ण किया गया है। जिला टीकाकरण अधिकारी की मानें तो एचपीवी वैक्सीन कम उम्र में लगवाने से शरीर में वायरस के खिलाफ मजबूत प्रतिरोधक क्षमता विकसित होती है। इससे आगे चलकर गंभीर बीमारियों का खतरा काफी हद तक कम हो जाता है। चिकित्सकों की मानें तो एचपीवी वैक्सीन विशेष रूप से गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से बचाव में बेहद प्रभावी मानी जाती है। जिला टीकाकरण अधिकारी ने बताया कि एचपीवी वायरस इस कैंसर का मुख्य कारण होता है, जिसे समय रहते वैक्सीन के जरिए रोका जा सकता है। किशोरावस्था में ही टीकाकरण को सबसे अधिक प्रभावी माना जाता है। सभी सरकारी अस्पताल में यह वैक्सीन मुफ्त लगाई जा रही है। इससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की बच्चियों को भी इसका लाभ मिल सकेगा।

### अभिभावक बेटियों के भविष्य को लेकर नहीं हैं चिंतित

स्वास्थ्य विभाग की ओर से किशोरियों को 25 फीसदी एचपीवी वैक्सीन लगाने का लक्ष्य दिया गया था, उसमें से 8 प्रतिशत को वैक्सीन लगाने का काम पूरा कर लिया गया है। फिलहाल अभिभावक अपनी बेटियों के भविष्य को लेकर चिंतित नजर नहीं आ रहे हैं। ऐसे में विभाग की ओर से स्कूलों व घर-घर जाकर किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन लगवाने के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

-**डॉ. नीरज यादव**, जिला टीकाकरण अधिकारी, सोनीपत



### ब्राइट स्कॉलर स्कूल में छात्रों में सहानुभूति और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने पर जोर

**सोनीपत।** ब्राइट स्कॉलर स्कूल में पैस्टोरल केयर कार्यक्रम का आयोजन स्कूल मैदान में कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में सहानुभूति, सम्मान और भावनात्मक संतुलन जैसे मूल्यों का विकास करना रहा। इस अवसर पर प्रिंसिपल ने प्रेरणादायक संबोधन देते हुए विद्यार्थियों को मजबूत नैतिक मूल्यों को अपनाने, कृतज्ञता व्यक्त करने और एक-दूसरे के सहयोग से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए अपने शिक्षकों के प्रति आभार और सम्मान व्यक्त किया। पूरे आयोजन के दौरान सकारात्मक वातावरण देखने को मिला, जिसने छात्रों और शिक्षकों के बीच संबंधों को और मजबूत किया। कार्यक्रम के अंत में स्कूल प्रबंधन ने सभी का आभार प्रकट किया।

## खबर संक्षेप



### बारिश के मौसम से पहले ड्रेन सफाई कार्य होगा पूर्ण

**गोहाना।** बरोदा विधानसभा के विधायक इंदुराज नरवाल ने मंगलवार को गांव जवाहरा में ड्रेन नं. 3 का सफाई कार्य शुरू करवाया। ड्रेन की सफाई से बारिश के पानी की की समुचित निकासी हो सकेगी। विधायक इंदुराज नरवाल के अनुसार गांव जवाहरा तक बरोदा विधानसभा क्षेत्र की सीमा है। मंगलवार को इस ड्रेन की सफाई का कार्य शुरू करवाया गया। इस ड्रेन की सफाई होने से बारिश के पानी की समय पर समुचित निकासी हो सकेगी और गांव जवाहरा, ढुराना, मुंडलाना, कैलाना खास, खानपुर कलां और गामड़ी सहित अन्य कई गांवों के किसानों को सीधा लाभ मिलेगा।

### स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 105 यूनिट रक्त संग्रहित

**सोनीपत ।** जिला बार एसोसिएशन के मेन हॉल, कोर्ट परिसर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर मानव अधिकार सरंक्षण संघ और जिला बार एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ, जिसमें रोटरी क्लब के ब्लड बैंक का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में सेशन जज जगजीत सिंह और सीजेएम नेहा गोयल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जबकि अध्यक्षता बार प्रधान कमल हुड्डा ने की। शिविर में अधिवक्ताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कुल 105 यूनिट रक्त संग्रहित किया।

### नशे के दुष्परिणामों से करवाया अवगत

**गोहाना।** पुलिस द्वारा मंगलवार को गांव पिनाना स्थित खेल के मैदान में खो-खो खेल रहे युवाओं को नशे के दुष्परिणामों बारे अवगत करवाया। यह कार्यक्रम थाना मोहाना प्रभारी की अगुवाई में आयोजित किया गया।

जिला सोनीपत पुलिस द्वारा पुलिस आयुक्त ममता सिंह के निर्देश पर नशे के विरूद्ध एवं साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत युवाओं को जागरूक किया जा रहा है। इस अभियान के तहत मंगलवार को गांव पिनाना में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### सफाई कर्मियों ने 7 और दमकल कर्मियों ने 10 मई तक बढ़ाई हड़ताल

# कर्मचारियों ने बाइकों पर निकाला रोष मार्च सरकार पर लगाया हठधर्मिता का आरोप

### लंबित मांगों को लेकर एकजुट हुए कर्मी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत**


सोनीपत। बाइकों पर रोष मार्च निकालते दमकल और नपा कर्मचारी।

हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन के आह्वान पर प्रदेशभर के नियमित व अनियमित दमकल कर्मचारियों की चल रही राज्यव्यापी हड़ताल का 28वां दिन रहा। नगर निगम कार्यालय परिसर में 93 दमकल कर्मियों के साथ नगरपालिका कर्मचारी संघ के सफाई कर्मचारियों ने मंगलवार को संयुक्त रूप शहर में बाइकों पर रोष मार्च निकाल सरकार की हठधर्मिता के प्रति रोष जताया। इसके बाद सफाई कर्मियों ने 7 मई, तो दमकल कर्मचारियों ने 10 मई तक अपनी हड़ताल को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया। इससे पहले रोष मार्च को लेकर दमकल व सफाई कर्मचारी नगर निगम कार्यालय परिसर में एकत्रित हुए। बता दें कि नगर निगम कार्यालय परिसर में दमकल कर्मी 8 अप्रैल व सफाई कर्मी 1 मई से धरना देकर अपनी लंबित मांगों को पूरा करने की गुहार लगा रहे हैं। रोष मार्च की अध्यक्षता दमकल यूनियन के जिला प्रधान राजीव खत्री, नपा कर्मचारी संघ के इकाई प्रधान भारत कंडेरा ने की। संचालन जिला सचिव अमित दहिया ने किया। सर्व कर्मचारी संघ व नगरपालिका कर्मचारी संघ के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री व हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन के जिला प्रधान राजीव खत्री, पूर्व प्रधान संदीप तुर ने बताया कि प्रदेश के 103 दमकल केंद्रों के फायर कर्मी विधायकों को ज्ञापन देकर अपनी समस्या के समाधान की गुहार लगा चुके हैं। नगर निगम के सभी मेयर व पार्षद प्रत्याशियों से भी फरीदाबाद आगजनी में मारे गए फायर कर्मियों को न्याय दिलाने की मांग कर चुके हैं। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल के बयान कि अग्निशमन विभाग का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है, पर भी कर्मचारियों ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि यह बयान न केवल जमीनी हकीकत से पूरी तरह परे है, बल्कि अत्यंत गैर-जिम्मेदाराना भी है।

### अब अर्धनग्न होकर सड़कों पर उतरने की तैयारी

सफाई कर्मियों के हड़ताल पर जाने से शहर के बाजारों व पांच वार्डों में नियमित सफाई नहीं होने से अव्यवस्था का माहौल बनने लगा है। शहर में चार टन कूड़ा सड़कों पर बिखरा पड़ा है। वार्ड नंबर 1, 2, 11, 12 व 13 में सफाई की व्यवस्था चरमरा गई है। उधर नगर निगम के अधिकारियों का दावा है कि रात के समय ठेका कर्मियों को बुलाकर सफाई करवाई जा रही है। उधर कर्मियों ने मांग पूरी होने पर चेताया है कि वह नगर निगम कार्यालय के गेट पर स्थायी तौर पर तालाबंदी करने के अलावा वीरवार को अर्धनग्न होकर गीता भवन चौक तक प्रदर्शन करेंगे। प्रदर्शन में वरिष्ठ उपप्रधान वीरेंद्र, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश, विनोद, यशेंद्र, नवीन, अजीत, सुनील, नरेश, देवेंद्र, नवीन, नितिन, विजय, राजेश, मनोज, सत्यवान, कमलेश, कांता, फूल सिंह, अमर, विकास, संदीप, गीता, बबीता, सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान देशराज नैन, जिला सचिव सुनील दत्त मौजूद रहे।

### नगर परिषद के सफाई कर्मियो ने भी तेज की हड़ताल

*गोहाना। नगर परिषद के सफाई कर्मियों की हड़ताल मंगलवार को और तेज हो गई। कर्मियों ने सडकों पर उतरकर राज्य सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद उन्होंने नगर परिषद की अध्यक्ष रजनी विरमानी को ज्ञापन सौंपते हुए अपनी मांगों को सरकार तक पहुंचाने की अपील की। साथ ही चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। फिलहाल हड़ताल को 7 मई तक बढ़ा दिया गया है। नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर सफाई कर्मी 1 मई से हड़ताल पर हैं। इस हड़ताल में पालिका रोल के कर्मचारी, डोर-टू-डोर कचरा उठाने वाली एजेंसी और स्वीपिंग एजेंसी के कर्मचारी भी शामिल हैं। हड़ताल के कारण शहर में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। घरों से कचरा नहीं उठने के चलते सडकों, बाजारों और मोहल्लों में जगह-जगह कचरे के ढेर लग गए हैं। स्थिति यह है कि कई घरों में कचरा जमा होने से बदबू फैलने लगी है। कचरे में सडन शुरू होने से संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ता जा रहा है। कुछ स्थानों पर लोग कचरे के ढेर में आग लगाकर निपटान करने की कोशिश कर रहे हैं, जिससे प्रदूषण की समस्या भी गंभीर हो गई है। संघ की गोहाना इकाई के अध्यक्ष प्रेम सिंह के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।*

### सचिन एशियन कुश्ती स्पर्धा में दिखाएगा दमखम

**गोहाना।** एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में खिलाड़ी सचिन मोर अपना दमखम दिखाएंगे। एशियन कुश्ती ट्रायल में सफल प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन एशियन कुश्ती चैंपियनशिप के लिए किया गया है। सचिन मोर गांव बिचपड़ी स्थित लक्ष्मी मॉर्डन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के पूर्व छात्र हैं। इसने शैक्षणिक सत्र 2022-23 में इस विद्यालय से 12वीं की परीक्षा उतीर्ण की थी। उतरप्रदेश के लखनऊ में एशियन कुश्ती चैंपियनशिप के लिए ट्रायल आयोजित हुई। ट्रायल में सचिन मोर सहित हरियाणा के 9 खिलाड़ियों ने क्वालीफाई किया। सचिन मोर एशियन चैंपियनशिप में 92 किलोग्राम भारवर्ग में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। सचिन मोर के इस चयन को लेकर गांव बिचपड़ी स्थित उनके लक्ष्मी मॉर्डन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में खुशी का माहौल है। विद्यालय के एमडी मंजीत लाठर और प्राचार्या पूनम लाठर ने सचिन मोर को उनके इस चयन के लिए शुभकामनाएं दी।


खिलाड़ी सचिन मोर।

### ऋषि चैतन्य आश्रम में तीन दिवसीय प्रणव-उपासना शिविर का समापन

**गन्नौर।** जीटी रोड स्थित ऋषि चैतन्य आश्रम में तीन दिवसीय प्रणव-उपासना शिविर संपन्न हुआ। आनंदमूर्ति गुरुमां के सानिध्य में आयोजित इस शिविर में देश-विदेश से आए श्रद्धालुओं ने भाग लेकर ओम (प्रणव) की साधना के माध्यम से आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त किए। आयोजन के दौरान आश्रम परिसर ओंकार की गूंज और भक्ति भाव से सराबोर रहा। शिविर के दौरान गुरुमां ने ओम के आध्यात्मिक रहस्य पर प्रकाश डालते हुए इसे सृष्टि के मूल स्वरूप से जोड़ा। उन्होंने कहा कि प्रणव उपासना के माध्यम से साधक अज्ञान से ज्ञान की ओर अग्रसर होता है। साधकों को अ, उ और म के उच्चारण के साथ प्राणायाम, अंतर व बाह्य कुंभक तथा श्वास नियंत्रण की विधियों का अभ्यास भी कराया गया, जिससे ध्यान की प्रक्रिया को गहराई से समझाया गया। उन्होंने बताया कि साधना का वास्तविक लाभ उसी को मिलता है, जिसके भीतर सरलता और अनुशासन हो। गुरुमां ने साधकों को नियमित समय व स्थान पर ध्यान करने, संतुलित आहार और संयमित जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा दी। साथ ही उन्होंने मच्छेंद्रनाथ और गोरखनाथ के जीवन प्रसंगों के माध्यम से विपरीत परिस्थितियों में भी मन की स्थिरता बनाए रखने का संदेश दिया। समापन अवसर पर सभी श्रद्धालुओं ने गुरुमां का आशीर्वाद लेकर प्राप्त ज्ञान को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया और भावभीनी विदाई दी।


गन्नौर। प्रणव-उपासना शिविर के दौरान आनंदमूर्ति गुरुमां।

## केंद्रीय मंत्री के जन्मदिन पर विधायक ने 70 छात्राओं को बांटी साइकिलें


गन्नौर। छात्राओं को साइकिल भेंट करते विधायक देवेंद्र कादियान।

**गन्नौर।** यमुना तलहटी में बसे पीरगढ़ी गांव की बेटियों के लिए शिक्षा की राह अब आसान हो गई है। मंगलवार को गन्नौर से विधायक देवेंद्र कादियान ने प्रदेश के पूर्व सीएम एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर के जन्मदिवस के अवसर पर गांव की 9वीं से 12वीं कक्षा तक करीब 70 छात्राओं को साइकिल वितरित की। गांव पीरगढ़ी में आयोजित साइकिल वितरण कार्यक्रम में छात्राओं को साइकिल देने के साथ लड्डू बांटकर खुशी मनाई गई। विधायक कादियान ने इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके बेहतर स्वास्थ्य की कामना की। उन्होंने कहा कि खादर के इस गांव की बेटियां अब तक उच्च शिक्षा के लिए बेगा गांव स्थित राजकीय स्कूल तक करीब डेढ़ से दो किलोमीटर पैदल चलकर जाती थी, जिससे उन्हें समय और कठिनाई दोनों का सामना करना पड़ता था। कादियान ने कहा कि इसी तरह बिलंदा गढ़ी गांव की बेटियों की भी मदद की जाएगी। उन्होंने मेरिट के आधार पर बिना पर्ची और बिना खर्ची के युवाओं को नौकरी देने का काम किया, जो एक बड़ी उपलब्धि रही है। कादियान ने बताया कि उनकी देवा डेवलपमेंट सोसायटी भी हर वर्ष दसवीं और बारहवीं के मेधावी छात्रों को स्कूटी, टैब, साइलिक आदि देकर सम्मानित करती है। इस अवसर पर डीईओ नवीन गुलिया, बीईओ सुरजीत सिंह घणघस, सरपंच मेहर सिंह, सरपंच महेश त्यागी, ब्लॉक समिति अध्यक्ष अनिल कुमार, जगबीर देशवाल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# भ्रष्टाचार से मुक्ति और जलभराव से राहत दिलाएंगे हम : कमल दिवान

- कांग्रेस के मेयर प्रत्याशी कमल दिवान का चुनाव में जनसंपर्क अभियान तेज, कई वार्डों में पहुंचकर मांगा जनता का समर्थन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत**



नगर निगम चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस के मेयर प्रत्याशी कमल दिवान ने मंगलवार को चुनावी रण में अपनी पूरी ताकत झोंक दी। जनसंपर्क अभियान के तहत दिवान ने रंगोली पार्क (वार्ड 16), जाट जोशी (वार्ड 9), लहराड़ा (वार्ड 17), सेक्टर 23 (वार्ड 19) और प्रगति नगर (वार्ड 22) जैसे क्षेत्रों में जनसभाएं कर मतदाताओं से सीधा संवाद किया। इस दौरान उनके साथ कांग्रेस कार्यकर्ता और वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। जनसंपर्क अभियान के दौरान दिवान ने भाजपा पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने सोनीपत को कैबिनेट मंत्री का पद तो दिया, लेकिन शहर के विकास के नाम पर जनता को केवल निराशा हाथ लगी है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा का विकास केवल भाषणों और विज्ञापनों तक सीमित है, जबकि धरातल पर स्थिति इसके बिल्कुल विपरीत है। उन्होंने कहा कि निगम के पिछले कार्यकाल में भाजपा ने केवल विकास का ढोंग रचा है, जबकि वास्तविकता में शहर की बुनियादी सुविधाएं दम तोड़ रही हैं। शहर की बदहाली का जिक्र करते हुए कमल दिवान ने कहा कि हल्की सी बारिश होते ही पूरा सोनीपत जलमग्न हो जाता है। उन्होंने कहा, जरा सी बारिश में शहर ब्लाक हो जाता है, लोग घंटों जाम में फंसे रहते हैं, लेकिन भाजपा सरकार का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। कमल दिवान ने वादा किया कि मेयर बनने के बाद उनकी सबसे पहली प्राथमिकता शहर को जलभराव की समस्या से निजात दिलाना और जाम मुक्त सोनीपत के लिए एक ठोस मास्टर प्लान लागू करना होगा। मंगलवार देर शाम सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने भी कमल दिवान के साथ विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेते हुए कांग्रेस के पक्ष में वोट मांगें। इस अवसर पर विधायक भारत भूषण बतरा, गीता भुक्कल, अशोक अरोड़ा, आफताब अहमद, पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार समेत कई पूर्व विधायक और जिला अध्यक्ष मौजूद रहे।



## सालों की सत्ता में कांग्रेस ने सिर्फ भ्रष्टाचार किया : राजीव जैन

**सोनीपत।** भाजपा के मेयर प्रत्याशी राजीव जैन ने कहा कि मैंने अपने राजनीतिक जीवन में कांग्रेस की ऐसी दुर्दशा नहीं देखी जैसी आज बनी हुई है। अपने चुनावी प्रचार के दौरान उन्होंने कांग्रेस पर भी जमकर हमला बोला। जैन ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा जनता को छलने का ही काम किया। कांग्रेस ने अपने सालों की सत्ता में सिर्फ भ्रष्टाचार किया है। आज जनता कांग्रेस की नीतियों को समझ चुकी है। उन्होंने कहा कि जब से केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आए हैं, तब से गरीबों व वंचितों के हितों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं संचालित की गई हैं, जिसका लाभ उन्हें मिल रहा है। राजीव जैन ने लोगों से अपील किया कि इस बार भी प्रदेश में 'ट्रिपल इंजन' सरकार बनाने में सहयोग करें ताकि शहर के विकास के लिए नई योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया जा सके। जैन ने मंगलवार को अपना जनसंपर्क अभियान तेज करते हुए करीब दो दर्जन सभाएं कर लोगों से वोट की अपील की। इस दौरान राजीव जैन ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की चुनावी सभाओं की ऐतिहासिक सफलता पर निगम क्षेत्र की जनता का आभार जताया। जैन ने वार्ड नंबर-3 के आदर्श कुंज पार्क,सेक्टर 14, मंत्री रणबीर सिंह गंगवा के साथ वार्ड -15 के अंतर्गत प्रजापति धर्मशाला, सारंग रोड, मुरथल विश्वविद्यालय में जनसंवाद अभियान के अंतर्गत प्राध्यापकों और विद्यार्थियों से संवाद किया। इसके साथ ही उन्होंने छोटूराम कॉलोनी, ओल्ड हाउसिंग बोर्ड, मुरथल अड्डा, वाल्मीकि बस्ती सुभाष नगर, धानक बस्ती आर्य नगर रोहतक रोड, विशाल नगर, प्रेम नगर ककरोई रोड, दहिया कॉलोनी, मोहन नगर आदि जगहों पर आयोजित सभाओं के दौरान सोनीपत की जनता से आशीर्वाद मांगा।

- भाजपा के मेयर प्रत्याशी राजीव जैन ने किया दावा, नगर निगम चुनाव में कांग्रेस को करेंगे शून्य पर आउट

### बच्चों के साथ मनाया पूर्व सीएम का जन्मदिन



**सोनीपत।** भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष जसवीर दोदवा ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल के जन्मदिवस पर श्रवण एवं वाणी निशक्त जन कल्याण केंद्र में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान बच्चों के साथ केक काटकर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने भी पूर्व मुख्यमंत्री के योगदान को याद करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस अवसर पर साहब सिंह बड़वासनी, रोहित मलिक, सोनू कुहाड़ और मोहित डागर आदि मौजूद रहे।

### भाजपा प्रदेश में भ्रष्टाचार का पर्यायवाची : हुड्डा



**सोनीपत।** सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने मंगलवार को सोनीपत में निकाय चुनाव प्रचार के क्रम में अनेक जगहों पर चुनावी जनसभा की। उन्होंने वार्ड नंबर 8 (गाँव जाट जोशी में सैन चौपाल), वार्ड नंबर 17 (गाँव जाट लहरदा), वार्ड नंबर 19 (सेक्टर 23), वार्ड नंबर 22 (गली नंबर 1, प्रगति नगर) आदि जगहों पर सघन जनसंपर्क किया और कांग्रेस उम्मीदवारों को भारी मतों के अंतर से विजयी बनाने की अपील की। सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि निगमों में बीजेपी के भ्रष्टाचार पर नकेल कसने के लिए हरियाणा की जनता कांग्रेस को जिताने का मन बना चुकी है। प्रदेश में ऐसा कोई निगम नहीं बचा जहां बीजेपी ने भ्रष्टाचार न किया हो। हरियाणा सरकार निगमों में व्यापक स्तर पर हो रहे भ्रष्टाचार को संरक्षण दे रही है। बीजेपी का ट्रिपल इंजन किस तरह भ्रष्टाचार को अंजाम दे रहा है उसके बारे में बताते हुए सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि इनका एक इंजन लूटता है दूसरा इंजन उस पर पर्दा डालता है। आज पूरे प्रदेश में भाजपा भ्रष्टाचार का पर्यायवाची बन गयी है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सांसद सतपाल ब्रह्मचारी, विधायक अशोक अरोड़ा, पूर्व विधायक जगबीर सिंह मलिक, मेयर प्रत्याशी कमल दिवान, विधायक रामकरण काला, विधायक चंद्रप्रकाश, विधायक इन्दुराज नरवाल, पूर्व विधायक सुरेन्द्र पंवार, पूर्व विधायक जयवीर बाल्मीकि, पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया, जयभगवान अंतिल, जिलाध्यक्ष संजीव दहिया आदि मौजूद रहे।

# रेलवे अंडरपास का कार्य अधूरा, आवाजाही बाधित

### दो साल से समस्या बरकरार, लोगों ने जताया रोष, समाधान की मांग

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर**


गन्नौर। सरपंच सावन कुमार के साथ ग्रामीण रेलवे विभाग की कार्यशैली के प्रति रोष प्रकट करते हुए।

रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण की वजह से अगवानपुर रेलवे फाटक लंबे समय से स्थाई रूप से बंद है। यात्रियों की सुविधा के लिए बनाया जा रहा रेलवे अंडरपास का निर्माण भी करीब दो साल से अधूरा पड़ा है। इससे कई गांवों के लोगों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अंडरपास से अगवानपुर की तरफ अब दो रास्ते निकाले जा रहे हैं। एक रास्ता राजलूगढ़ी की तरफ जबकि दूसरा रास्ता पांची रोड की तरफ निकाला जा रहा है। जिसके लिए रेलवे विभाग द्वारा खोदाई का कार्य करवा कर छोड़ दिया गया है। खोदाई के बाद अब स्थिती यह है कि अधूरे अंडरपास से दुपहिया वाहनों का गुजरना जोखिम भरा हो गया है। जबकि चार पहिया वाहन निकलने तो पूरी तरह से बंद हो गए हैं। जिससे आस-पास के ग्रामीणों को रोष है। भोगीपुर गांव के सरपंच सावन कुमार के नेतृत्व में ग्रामीणों ने विभाग की सूस्त कार्यप्रणाली को लेकर रोष जताया है। कुछ दिन पहले उनके सामने ही एक स्कूटी सवार युवती अपनी मां के साथ अंडरपास से हो कर निकलते समय हादसे का शिकार हो गई। गनिमत रही कि उन्हें ज्यादा चोट नहीं आई। ग्रामीणों ने अंडरपास का काम तुरंत पूरा करवाने की मांग की है। सुरेंद्र, सतबीर, त्रिलोक और विकास ने बताया कि रेलवे विभाग ने फाटक लंबे समय से बंद कर रखा है, लेकिन न तो अंडरपास का काम पूरा हो रहा और न ही रेलवे ओवरब्रिज पूरा किया जा रहा। मजबूरन लोगों को कई किलोमीटर लंबा चक्कर लगाकर आवागमन करना पड़ रहा है, जिससे समय और ईंधन दोनों की बर्बादी हो रही है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9653530209, 9253681005, 9253681010

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

**ऑपरेशन दोस्ती अभियान** | सोनीपत आरपीएफ थाना कर्मियों ने रेल लाइन के साथ लगती कॉलोनियों में चलाया अभियान

# ट्रेनों पर पथराव रोकने के लिए यात्रियों को किया जागरूक

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत**


सोनीपत। गन्नौर स्टेशन के पास लोगों को ट्रेनों पर होने वाली पत्थरबाजी की घटनाओं को लेकर जागरूक करते सहायक उप निरीक्षक सुरेंद्र कुमार।

रेलवे पुलिस बल (आरपीएफ) ने दिल्ली-अंबाला रूट पर सोनीपत क्षेत्र में ट्रेनों पर होने वाली पत्थरबाजी, रेल लाइन पर अलार्म चेन पुलिंग (एसीपी) जैसी घटनाओं व रेल ट्रैक पार करने पर अंकुश लगाने के लिए ऑपरेशन दोस्ती के तहत जागरूकता अभियान चलाया। अभियान को लेकर आरपीएफ थाना प्रभारी इंस्पेक्टर संगम के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। उप निरीक्षक शहाबुद्दीन, सहायक उप निरीक्षक सुमनलता, सुरेंद्र कुमार ने अन्य आरपीएफ कर्मियों के साथ रेल लाइन, साथ लगती कॉलोनियों, सांदल कलां, राजलू गढ़ी, गन्नौर स्टेशन के पास लोगों को जागरूक किया। खासकर युवाओं से पत्थरबाजी जैसी घटनाएं रोकने पर सहयोग की अपील की।

### घटनाओं को रोकने का मांगा सहयोग

सोनीपत क्षेत्र में वंदे भारत एक्सप्रेस व अमृतसर शताब्दी एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों पर पर पत्थरबाजी की घटनाएं सामने आ चुकी है। मामले में आरपीएफ की ओर से पत्थरबाजी करने वालों पर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई गई है। 21 जनवरी 2026 को शनि मंदिर के पास नई दिल्ली से माता वैष्णो देवी कटरा जा रही ट्रेन संख्या 22477 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन पर पत्थरबाजी का मामला सामने आ चुका है। ऐसे में आरपीएफ सोनीपत क्षेत्र में ऑपरेशन दोस्ती अभियान चलाकर रेल लाइनों के साथ लगती कॉलोनियों व विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर लोगों को जागरूक कर रही है। अभियान के तहत उप निरीक्षक शहाबुद्दीन, सहायक उप निरीक्षक सुमनलता, सुरेंद्र कुमार ने लोगों व खासकर युवाओं को ट्रेनों पर पत्थरबाजी न करने के प्रति जागरूक किया। साथ ही सभी से इन घटनाओं को रोकने के लिए सहयोग मांगा गया।

### पत्थरबाजी करना कानूनी अपराध

आरपीएफ कर्मियों ने बताया कि ट्रेनों पर पत्थरबाजी करना कानूनी अपराध है। इससे राष्ट्रीय संपत्ति के साथ यात्रियों को भी नुकसान होता है। रेलवे को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ता है। ऐसा करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि कई बार बच्चे रेल ट्रैक के पास खेल-खेल में ट्रेनों पर पत्थरबाजी कर देते हैं। अगर सभी लोग सहयोग करें, तो ट्रेनों पर पत्थरबाजी की घटनाओं पर पूर्ण रूप से रोक लगाई जा सकती है। आरपीएफ टीम पत्थरबाजी की घटनाओं को रोकने के लिए रेल लाइन के साथ लगते क्षेत्रों में लोगों को जागरूक कर रही है।